[A-15] Seat No: ___________ No. of printed pages: 3

SARDAR PATEL UNIVERSITY
S. Y. B. A. (External) Examination
Thursday, 3rd May 2018
2.00 pm to 5.00 pm
HIN-203 : आधुनिक हिन्दी काव्य (काव्यालोक)

Total Marks : 100

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । (१६)

(क) "जो घनीभूत पीड़ा थी
मस्तक में स्मृति-सी छायी
दुर्दिन में आँसू बनकर
वह आज बरसने आयी ।
झंझा झकोर गर्जन था
बिजली थी, नीरद माला
पाकर इस शून्य हृदय को
सबने आ डेरा डाला ।"

अथवा

(क) "कुली-मजदूर हैं,
बोझा ढोते हैं सींचतें हैं ठेला
धूल-धुआँ-भाप से पड़ता है साबका
थके-माँदे - जहां-तहाँ हो जाते हैं ढेर
सपने में भी सुनते हैं धरती की धडकन
आकर ट्राम के अन्दर पिछले डब्बे में
बैठ गये हैं, इधर-उधर तुमसे सटकर
आपस में उनकी बतकही
सच सच बतलाओ
नागवार तो नहीं लगती है?
जी तो नहीं कुढ़ता है ?
घिन तो नहीं आती है ?

(ख) "यह नफरत की बारूद न बिखराओ साथी ।
यह युद्धों का जहरीला नारा बन्द करो,
जो प्यार तिजोरी सेफों में है तड़प रहा
उसके बन्धन खोलो, उसको स्वच्छन्द करो ।"

अथवा

(ख) ''कटघरे में खड़े कर दिये जायेंगे, जो विरोध में बोलेंगे
जो सच-सच बोलेंगे, मारे जायेंगे
बर्दाश्त नहीं किया जायेगा कि किसी की कमीज हो
''उनकी'' कमीज से ज्यादा सफेद
कमीज पर जिनके दाग नहीं होंगे, मारे जायेंगे।''

प्र.२ ''मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में राष्ट्रीय-सांस्कृतिक चेतना का निरुपण हुआ है'' - स्पष्ट कीजिए। (१६)

अथवा

प्र.२ महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

प्र.३ राजेश जोशी की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए। (१६)

अथवा

प्र.३ रघुवीर सहाय के काव्य सौंदर्य का परिचय दीजिए।

प्र.४ टिप्पणी लिखिए। (१६)

(क) शिक्षा (विद्या) का जीवन में महत्त्व।

अथवा

(क) 'प्रतिबद्ध हूँ' कविता की प्रगतिशील चेतना।

(ख) 'भूल गलती' कविता के शीर्षक की सार्थकता।

अथवा

(ख) 'दंगो के बाद' कविता में दंगों के बाद का चित्रण।

प्र.५ द्रुतपाठ लघुत्तरी प्रश्न लिखिए। (१६)

(क) नीड़ का निर्माण फिर' कविता में कवि का जीवन-दर्शन।

अथवा

(क) अरुण कमल का साहित्यिक परिचय।

(ख) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' का साहित्यिक परिचय।

अथवा

(ख) 'हिमालय के प्रति' काव्य का भावार्थ।

प्र.६ निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(कोई २०)** (२०)

(१) गुप्तजी की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

(२) गुप्तजी ने लुप्त नारी जीवन का चित्रण किन कृतियों में किया है?

(३) प्रसादजी की छायावादी शैली की श्रेष्ठ रचनाओं के नाम लिखिए।

(४) प्रसादजीने किस किस विधा में अपना योगदान दिया है?

(५) प्रसादजी की भाषा में किस काव्य-गुण की प्रधानता है?

(६) महादेवी वर्मा को 'आधुनिक युग की मीरा' क्यों कहा गया?

(७) नागार्जुन का साहित्य किस दर्शन प्रभावित है ?

(८) 'प्रतिबद्ध हूँ' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?

(९) भारत सरकारने नीरज को किस पुरस्कार से सम्मानित किया ?

(१०) नीरज के काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

(११) रघुवीर सहाय की कविता का मूल गुणधर्म क्या है ?

(१२) राजेश जोशी की कविताओं का मुख्य स्वर क्या है ?

(१३) कविता के बारे में राजेश जोशी के क्या विचार हैं ?

(१४) 'रुँधे हुए शब्द' कविता का मिथक स्पष्ट कीजिए।

(१५) बच्चनजी की काव्य कृतियों के नाम लिखिए।

(१६) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ने किस क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी दर्ज की है ?

(१७) सर्वेश्व दयाल सक्सेना की रचनाशीलता का मूल स्रोत किसे माना जा सकता है ?

(१८) अरुण कमल की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

(१९) अर्चना वर्मा की कविताओं की विषयवस्तु लिखिए।

(२०) निरालाजी की कविताओं की विषयवस्तु लिखिए।

(२१) ''धन्ये मैं पिता निरर्थक था,
कुछ भी तेरे हित न कर सका'! पंक्तियाँ किस कविने किस कविता में लिखी हैं ?

(२२) दिनकरजी के तीन प्रमुख प्रबंध काव्यों के नाम लिखिए।

(२३) 'हिमालय के प्रति' कविता में कविने किसके सौंदर्य का चित्रण किया है?

-------- x --------